तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 22.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 22 सितंबर 2025

12 75 युवाओं ने किया रक्तदान, विज बोले, रक्तदान...



12 चार किमी मैराथन में एकता के लिए लोगों ने...




दीन दयाल जन आवास योजना

# DEEN DAYAL AWAS YOJNA
(Under Affordable Plotted Housing Policy 2016, Govt. of Haryana)

## 2/3 BHK LUXURY FLOORS
IN RERA APPROVED TOWNSHIP

GURGAON MOST PROMISING ADDRESS SECTOR-35, SOUTH OF GURUGRAM

33% RESERVED FOR WOMEN & GOVT. EMPLOYEES




## Pay ₹31,000 for Registration
Amount is Fully Refundable to unsuccessful applicants

26th SEPTEMBER IS THE LAST DAY OF REGISTRATION

Unit Allocation Date
2nd October 2025 (Thursday)

### PAYMENT PLAN

| Type | Area in (Sq. Ft.) | Area in (Sq. mtr.) | Registration Amount | Payment Within 5 Days | Payment Within 15 Days | 10% Within 30 Days | 20% Within a Month | 60% On Possession | Total Basic Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3BHK+3T | 1503 | 139.63 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 12,69,000 | ₹ 18,00,000 | ₹ 36,00,000 | ₹ 1,08,00,000 | ₹ 1,80,00,000 |
| 3BHK+2T | 1215 | 112.87 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 9,19,000 | ₹ 14,50,000 | ₹ 29,00,000 | ₹ 87,00,000 | ₹ 1,45,00,000 |

Any other charges levied by the Govt. & GST as applicable*

ATS to be executed after completion of 30% of payment

Most Trusted | Quality Construction | Timely Possession | Excellent Customer Service | Great Partnerships | Reputed | Transparent

### ADVANTAGES
- Bang on Gurgaon - Sohna Expressway
- In Close Vicinity of 15000+ upcoming residential Units
- Close to Educational Hub and Schools like GD Goenka World School, K.R. Manglam, SCJ Academy etc.
- 30 Mins Drive from IGI Airport
- 20 Mins Drive from Cyber City
- 7 Mins Drive from Proposed Metro Rail Corridor
- 15 Mins Drive from Rajiv Chowk

### SPECIFICATIONS
- Modular Kitchen - Chimney - HOB
- 1 Room Fully Furnished for Kids - AC in All Rooms
- Geyser (All Washrooms & Kitchen)
- Wardrobes in All Rooms
- Wooden Flooring in Master Bedroom
- False Ceiling in All Rooms
- 1 Year Maintenance Included

### AMENITIES


Basketball Court


Yoga Lawn


kids Play Area


Badminton Court


Outdoor Gym


Club House

## For Online Registration
www.haryanadeendayalawasyojna.com
Call: +91-92112-82697

Scan QR Code with Google lens For Online Registration



यमुनानगर। नवरात्र के पूर्व संध्या पर दुकानों पर खरीदारी करते श्रद्धालु।

**शरदीय नवरात्र आज से शुरू**



नवरात्र की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं ने खरीदा जमकर सामान

# आकर्षक रूप से सजे माता के मंदिर, तैयारियां पूरी

## भक्तों के लिए फलों का स्वाद हुआ फीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

आदि शक्ति मां दुर्गा के शरदीय नवरात्र के अवसर पर जिले भर में माता के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजा दिया गया है। वहीं, नवरात्र की पूर्व संध्या पर रविवार को श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना के लिए नारियल और पूजा का सामान खरीदा। इस दौरान दिन भर दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं नवरात्र को देखते हुए फलों के दाम भी बीस से तीस प्रतिशत महंगे हो गए हैं।

### ट्विन सिटी में मंदिरों को सजाया

ट्विन सिटी स्थित जगाधरी के काली माता मंदिर, आदिबद्री स्थित माता मंत्रा देवी मंदिर, देवी भवन मंदिर, जंगलावाली माता मंदिर, न्यू मार्किट मंदिर, त्रिलोकपुर मंदिरों को नवरात्र के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। उधर, यमुनानगर की सीमा स्थित त्रिलोकपुर में नवरात्र के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले का सोमवार को शुभारंभ किया जाएगा।

**सजा यमुनानगर का देवी भवन मंदिर**



### पूजा सामग्री की बढ़ गई कीमत

नवरात्र की पूर्व संध्या पर बाजार में सामान खरीदने पहुंचे श्रद्धालु सोनिया, नंदिनी, महिमा, कमलेश, आरती, मोहित, श्याम सुंदर, विक्रांत सिंह, अखिलेश शर्मा व जयबीर आदि ने बताया कि वह हर नवरात्र में व्रत रखते हैं। लेकिन इस बार पूजा सामग्री के दाम बढ़ गए हैं। जिससे नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं को महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी।

### फूलों की दुकानें भी सजी

नवरात्र के अवसर पर शहर में फूलों की दुकानों को भी आकर्षक रूप से सजा दिया गया है। फ्लावर केंद्र के संचालक रवि ने बताया कि नवरात्र में फूलों की मांग भी कई गुणा बढ़ जाती है। श्रद्धालु मां को खुश करने के लिए उन्हें पुष्प अर्पित करते हैं। इस मांग के बढ़ने से उन्हें नवरात्र के दिनों में फूलों से अच्छा खासा मुनाफा हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर।** कैल कलानौर हाईवे पर गांव सुढैल के समीप कार की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। थाना छप्पर क्षेत्र के गांव दराजपुर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उसका भाई मुकेश कुमार (43) देर शाम बाइक से घर लौट रहा था। गांव सुढैल के समीप हाइवे पर कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे मुकेश बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। कार चालक मौके से रफू चक्कर हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सड़क से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### दुकानदार से दुकान में घुसकर मारपीट की

**यमुनानगर।** बैंक कॉलोनी में कहासुनी होने के बाद लोगों ने एक दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट की। पुलिस ने दो आरोपियों के नामजद करते हुए दो अन्य पर केस दर्ज किया है। बैंक कॉलोनी निवासी अजय कुमार ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी कॉलोनी में ही दुकान है। 19 सितंबर को वह दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान उसकी दुकान पर कॉलोनी का ही सतबीर राणा, विशाल अपने दो अन्य साथियों के साथ दुकान पर आए। आरोपी जबरदस्ती दुकान में घुस गए और उसके साथ बहस करने लगे। इसके बाद आरोपियों ने हमला कर दिया और दुकान में तोड़फोड़ की। पुलिस ने सतबीर राणा व विशाल को नामजद करते हुए दो अन्य पर केस दर्ज किया है।

**लालच में फंस रहे : डॉलर कमाने की चाह में लोगों को लगा रहा चूना**

# दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 36 लाख

**पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर दो युवकों से 36 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप शहर के चोपड़ा गार्डन में ग्लोबल इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड में काम करने वाले प्रदीप सिंह, अजय कुमार, रमनदीप कौर, तरनप्रीत सिंह, अजीत पाल सिंह, जसमीत कौर, गौरव, गुरदीप सिंह व अन्य पर लगा है। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला करनाल के गांव मंजूरा निवासी बलवान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि यमुनानगर के चोपड़ा गार्डन स्थित ग्लोबल इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा युवाओं को विदेश भेजने का काम किया जाता है। जिस पर वह यमुनानगर में उनके कार्यालय में पहुंचा।





### आरोपियों ने विदेश नहीं भेजा

जहां उसकी मुलाकात प्रदीप सिंह, अजय कुमार, रमनदीप कौर, तरनप्रीत सिंह, अजीत पाल सिंह, जसमीत कौर, गौरव, गुरदीप व अन्य के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह उसे ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे। जहां पर उसे अच्छा काम मिल जाएगा। इस दौरान आरोपियों ने उसे 20 लाख रुपये व उसके दस्तावेज ले लिए। मगर आरोपियों ने इसके बाद उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। बाद में जब वह आरोपियों के कार्यालय में आया तो कार्यालय का ताला लगा हुआ था। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जिला अंबाला के गांव सलोला निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी प्रदीप सिंह, अजय कुमार, रमनदीप कौर, तरनप्रीत सिंह, अजीत पाल सिंह, जसमीत कौर, गौरव व गुरदीप सिंह ने विदेश भेजने के नाम पर 16 लाख रुपये ले लिए। पैसे लेने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने सभी आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**गांव नाहरपुर का मामला**

### जमीन बेचने के नाम पर दो लोगों से हड़पे आठ लाख

**यमुनानगर।** गांव नाहरपुर में जमीन बेचने के नाम पर दो लोगों से आठ लाख हड़प लिए गए। आरोप गांव के ही अफजल पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव नाहरपुर निवासी अशोक कुमार ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसे पता चला था कि गांव का ही अफजल अपनी 302.05 वर्ग गज जमीन बेचना चाहता है। इस दौरान उसने व गांव के ही सुभाष चंद ने आरोपी से बात की। उनका आरोपी से जमीन का सौदा तय हो गया। आरोपी ने उससे बयाने के रूप में तीन लाख रुपए तथा सुभाष से पांच लाख की धनराशि ले ली। आरोपी ने जल्द ही जमीन की रजिस्ट्री करवाने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम नहीं करवाई। जब उसने आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया और उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अफजल के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज**

### साइबर ठगों ने फेक आईडी बनाकर ठगे 2.55 लाख रुपये

**पुलिस ने अज्ञात पर धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया**



यमुनानगर। साइबर ठगों ने फेक आईडी बनाकर गांव हरनौल निवासी कर्णदेव सिंह से ऑनलाइन माध्यम से 2.55 लाख रुपये ठग लिए। जब कर्णदेव सिंह को खुद से हुई ठगी का पता चला तो उसने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव हरनौल निवासी कर्णदेव सिंह ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 सितंबर को उसके फेसबुक अकाउंट पर उसके ममेरे भाई के नाम से बनी आईडी से मैसेज आया। आरोपी ने उसे कहा कि उसे पैसों की जरूरत है। उसके बार बार पैसे मांगने पर ममेरा भाई समझ उसके बताए बैंक खाते में 2.55 लाख रुपये डाल दिए। बाद में ममेरे भाई को कॉल किया तो पता चला कि यह फेसबुक पर उसके नाम की फेक आईडी थी। इस आईडी से किसी ने खुद को ममेरा भाई दिखाते हुए 2.55 लाख ठग लिए हैं। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

**शिकायत पर मामला दर्ज**

उधर, जांच अधिकारी एएसआई विजय कुमार ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नगर निगम के विशेष अधिकारी का मंडी दौरा**

### फल-सब्जी विक्रेता मंडी में बेहतर बनाएं सफाई व्यवस्था : यादव



**यमुनानगर।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत निगम के विशेष अधिकारी (सफाई) अनिल कुमार यादव (एचसीएस) ने अन्य अधिकारियों के साथ शहर की सब्जी मंडी का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की जांच की। उन्होंने मौके पर सब्जी और फल विक्रेताओं को पॉलीथिन का उपयोग न करने और खुले में कचरा न डालने के बारे समझाया। इस दौरान प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर कई सब्जी व फल विक्रेताओं के चालान भी किए। निगम के विशेष अधिकारी (सफाई) अनिल कुमार यादव सुबह के वक्त निगम के अन्य अधिकारियों के साथ शहर की सब्जी मंडी में पहुंचे। उन्होंने मंडी के विभिन्न स्थानों का जायजा लिया।

**अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश**

विशेष अधिकारी अनिल कुमार यादव ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाएं। इस दौरान सीएसआई अनिल नैन व सीएसआई विनोद बेनीवाल ने कई दुकानदारों का चालान किया। सब्जी मंडी के बाद निगम अधिकारियों ने वर्कशॉप रोड व अन्य स्थानों पर रेहड़ी वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। निगम अधिकारियों ने उन्हें कपड़े के थैले वितरित किए और पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया।

**सेवा पखवाड़े: निराश्रित बच्चों को फल वितरित किए**

### अनाथों की सेवा पुण्य कार्य: डॉ. सैनी



**रादौर।** सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को पूर्व विधायक डॉ. बिशनलाल सैनी व युवा भाजपा नेता विशाल सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नियासरे दा आसरा आश्रम में निराश्रित बच्चों को फल वितरित किए। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निराश्रित बच्चों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं को भी जाना। पूर्व विधायक डॉ. बिशन लाल सैनी ने कहा कि अनाथों की सेवा करना बहुत ही पुण्य कार्य है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण तरीका है। अनाथ बच्चों व लोगों को मदद से आप न केवल उनकी जिंदगी में खुशी और अवसर ला सकते हैं।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर संचालक जसकीरत सिंह, अमरपाल सिंह चेयरमैन, गुरमीत सढ़ुरा, मनोज पालेवाला, भीम सिंह नाचरौन, कुलदीप नाचरौन, जय भगवान सैनी मसाना, काला छप्पर, केतन शर्मा व रोहित भोगपुर आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में की 180 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच

यमुनानगर। जिला आयुष विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त भारत अभियान के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहर के गांधी नगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी यमुनानगर डॉ. प्रतिभा भाटिया ने किया। मौके पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा गुप्ता भी मौजूद रही। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा गुप्ता ने बताया कि शिविर मे चिकित्सकों द्वारा 180 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मरीजों को निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। उन्होंने आयुर्वेद द्वारा रजोनिवृति देखभाल विषय पर महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी। वहीं, डॉ. वनीता नागर ने हड्डियों को स्वस्थ रखने व गठिया की देखभाल विषय पर व्याख्यान किया। डॉ. मधु शर्मा द्वारा आहार और पोषण विषय पर शिविर में उपस्थित महिला वर्ग एवं के सम्मुख व्याख्यान किया। चिकित्सा शिविर में योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने महिलाओं में रक्त की कमी होने पर उत्पन्न होने वाली बीमारियों व उसकी रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया। आयुष योग सहायक दीपक बड़ौला द्वारा शिविर में मौजूद महिलाओं को बताया गया कि किस प्रकार नियमित योग करने से तनाव मुक्त रहा जा सकता है।

### दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए करें रक्तदान: कुमार



**रादौर।** यूथ क्लब के तत्वावधान में गांव सिलीकलां में पांचवे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ एसडीएम नरेंद्र कुमार रादौर ने मुख्यातिथि के रुप में किया। शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि ने शहीद उधम सिंह कांबोज के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके व रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। गांव की सरपंच मीनू कांबोज ने एसडीएम रादौर को बुके भेंटकर स्वागत किया। रक्तदान शिविर में चिकित्सकों द्वारा 51 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

### जीवन में घटने वाली घटना कर्म संस्कारों का है परिणाम: भारती

**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को मानव जीवन के कर्म संस्कारों के महत्व को समझाया।



मौके पर साध्वी बहनों ने अपने सुमधुर भजनों के माध्यम से साध संगत को भाव विभोर कर दिया। साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि जीवन यात्रा एवं जीवन में घटने वाली घटना उसके कर्म संस्कारों का परिणाम स्वरूप है। जहां हम सभी अपनी जीवन यात्रा को पूर्ण करने के लिए आए हैं। उसे मृत्यु लोक कहा गया है। यह मृत्युलोक कर्म प्रधान है और हमारे द्वारा किया गया प्रत्येक कर्म ही सुख अथवा दुख के फल स्वरूप जीवन में आता है।

### सिटी विधायक ने जिला नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण



**यमुनानगर।** जिला नागरिक मुकंदलाल सिविल अस्पताल यमुनानगर का सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे विधायक को देखकर अस्पताल प्रशासन व कर्मचारियों में हडकंप मच गया। इस दौरान विधायक ने अस्पताल में विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की और अस्पताल में दाखिल मरीजों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मरीजों और उनके परिजनों से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और इलाज की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

### देश हित के लिए जीएसटी को समाप्त करे केंद्र सरकार: रमन



**यमुनानगर।** केंद्र की भाजपा सरकार ने पहले जीएसटी लगाकर लोगों पर टैक्सों का बोझ डालने का काम किया। अब वही केंद्र की भाजपा सरकार जीएसटी कम करने का नाटक कर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। उक्त शब्द कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने रविवार को जगाधरी वर्कशाप स्थित कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में कहे। पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि आज सरकार जीएसटी की दरों में कटौती कर रही है।

### गुरु ग्रंथ साहिब जी मानव मूल्यों का हैं अनमोल भंडार: डॉ. भल्ला

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के संदर्भ में बहुसांस्कृतिक समाज की अवधारणा विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्यातिथि के रुप में कालेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने भाग लिया। वेबिनार में देश भर के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अर्विंदर सिंह भल्ला ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी मानव मूल्यों का अनमोल भंडार है। केएमवी जालंधर के प्राध्यापक डॉ. आशिमा साहनी ने कहा कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का संदेश सार्वभौमिक और समावेशी है। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. अमृतपाल सिंह ने किया। जबकि डॉ. रमणदीप महल आयोजन सचिव रहे।



■ गुरु नानक खालसा कॉलेज में वेबिनार का आयोजन

## चोरों ने फैक्ट्री व दो घरों को बनाया निशाना, लाखों का सामान चोरी

**पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में चोरों ने फैक्ट्री व दो घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना प्रतापनगर पुलिस को दी शिकायत में हुड्डा सेक्टर-17 के मोहित मोदी ने बताया कि उनकी गांव गुलाबगढ़ में फैक्ट्री है। 19 सितंबर को वह फैक्ट्री से काम खत्म करके घर आ गया था।

■ तीनों मामलों की जांच में जुटी पुलिस

### ऑफिस से लैपटॉप और स्क्रैप का सामान गायब

सुबह जब वह फैक्ट्री में गया तो उसके ऑफिस का दरवाजा टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर ऑफिस से लैपटॉप, पांच चिप्पर ब्लेड व स्क्रैप का सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, थाना व्यासपुर पुलिस को दी शिकायत में गांव उधमगढ़ निवासी जसबीर सिंह ने बताया कि उनका गांव भंभनौली में भी एक कमरा है। जहां 16 सितंबर की रात को चोरों ने कमरे से गन्ने की रूटरी मशीन चोरी कर ली गई। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया।

### गांव अजीजपुर कलां में भी वारदात

वहीं, गांव अजीजपुर कलां निवासी सलोचना ने बताया कि चार अगस्त से 15 अगस्त तक घर से बाहर किसी काम से गए हुए थे। जहां से लौटने पर घर के अंदर से पांच क्विंटल गेहूं व अन्य सामान गायब मिला। उसने आरोप लगाया कि यह चोरी गांव के ही संदीप व रजत ने की है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन में चल रही रामलीला**

## महाराक्षसी ताड़का का भगवान श्रीराम ने किया वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन के तत्वावधान में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में दूसरे दिन महाराक्षसी ताड़का वध का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान महाराक्षसी के पात्र बने कलाकार ने भयंकर प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को भावविभोर कर दिया। महाराक्षसी का वध होते ही जय श्रीराम जय श्रीराम से जयघोष से वातावरण भगवान श्रीराममय हो गया। नाचरौन में चल रही श्रीराम लीला के दूसरे दिन शुरु होते ही पहला दृश्य महाराजा दशरथ के दरबार में महर्षि विश्वामित्र पहुंचते हैं और उन्हें वन में आतंक मचा रहे राक्षसों से छुटकारा दिलाने की जानकारी देते हैं।

### दूसरे दिन ताड़का वध प्रसंग का मंचन, दर्शकों की तालियों से गूंज उठा पंडाल



वह महाराजा दशरथ को बताते हैं कि वन में महारीच व सुबाहु और उनकी माता महर्षि ने आतंक मचा रखा है। वह ऋषियों व संतों के यज्ञ भी सफल नहीं होने दे रहे हैं और उनकी हत्या कर देते हैं। महर्षि राक्षसों से छुटकारा दिलाने के लिए उनके पुत्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की बात कहते हैं। जिस पर महाराजा दशरथ महर्षि को वह स्वयं राक्षसों से युद्ध कर उनसे छुटकारा दिलाने की बात कहते हैं। मगर महर्षि मोहाराजा दशरथ से केवल श्रीराम और लक्ष्मण को ही अपने साथ ले जाने की बात करते हैं। काफी देर के बाद महाराजा दशरथ अपने दोनों पुत्रों श्रीराम और लक्ष्मण को उनके साथ भेज देते हैं।

### श्रीराम ने गुरु महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा पर किया वध



दूसरे दृश्य मंचन में महर्षि विश्वामित्र के साथ जंगल से गुजरते हुए श्रीराम व लक्ष्मण का महाराक्षसी ताड़का से सामना होता है और श्रीराम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से उसका वध कर देते हैं। तीसरे दृश्य में महर्षि विश्वामित्र अपने आश्रम में यज्ञ का शुभारंभ करते हैं और भगवान श्रीराम व लक्ष्मण यज्ञ की सुरक्षा के लिए तैनात हो जाते हैं। इसी बीच मारीच व उनका भाई सुबाहु अन्य राक्षसों के साथ यज्ञ को भंग करने के लिए पहुंच जाते हैं। मगर इस दौरान भगवान श्रीराम द्वारा सुबाहु का वध कर दिया जाता है और मारीच को अपने बाण के द्वारा कोसों दूर फेंक दिया जाता है। इसके बाद अंतिम दृश्य में विश्वामित्र के पास महाराजा जनक का एक दूत पहुंचकर उन्हें सीता के स्वयंवर में पधारने के लिए न्यौता देने के लिए पहुंचता। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण के साथ सीता स्वयंवर में शामिल होने के लिए प्रस्थान करते हैं और दूसरे दिन की श्रीराम लीला का आरती के बाद विराम हो जाता है। मौके पर ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल राणा व निदेशक सेठपाल, राहुल, रविंद्र, संदीप व यशपाल राणा आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 'नमो युवा रन' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मैराथन युवा शक्ति की ऊर्जा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक : सीएम

**अव्वल रहे 75 प्रतिभागियों को मेडल देकर किया सम्मानित**

### दौड़ में कुरुक्षेत्र के रवि ने पहला, करनाल के मोहित ने दूसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नमो युवा रन युवा शक्ति की ऊर्जा, जोश और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। इस नमो युवा रन की पहल युवाओं के भविष्य को उज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य खेल स्टेडियम में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित नमो युवा रन में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मचान से युवाओं को झंडी दिखाकर मैराथन के लिए रवाना किया और खुद भी युवाओं के साथ मैराथन में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सांसद नवीन जिंदल को युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा के प्रधान सचिव ने समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से कैप्टन योगेश बैरागी, राहुल राणा व साहिल सुधा ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, सांसद नवीन जिंदल नमो युवा रन के संयोजक एवं विधायक योगेन्द्र राणा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।





कुरुक्षेत्र। नमो युवा रन को झंडी दिखाकर रवाना करते और लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।



### विश्व में भारत सबसे युवा देश: बड़ौली

*प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया और फिट इंडिया का नारा दिया था, आज नागरिकों ने इस नारे पर अमल करते हुए प्रधानमंत्री के उद्देश्यों को पूरा किया है। विश्व में भारत देश को युवा देश माना जाता है। भारत के युवा नागरिक आत्मनिर्भर की तरफ बढ़ रहे हैं और विकसित भारत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।*

### युवाओं के साथ बेटियों और महिलाओं ने भी लगाई दौड़

**कुरुक्षेत्र।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन के तत्वाधान में धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर ऐतिहासिक नमो युवा रन में हजारों प्रतिभागियों का जोश और उत्साह देखने को मिला। इस युवा रन में युवाओं के साथ-साथ बेटियां, महिलाएं और सीनियर सिटीजन ने द्रोणाचार्य स्टेडियम से लेकर जिंदल चौक और वापिस स्टेडियम तक लगभग 5 किलोमीटर की दौड़ लगाई। अहम पहलू यह है कि सांसद नवीन जिंदल ने भी नमो युवा रन में 5 किलोमीटर दौड़ को पूरा किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने द्रोणाचार्य स्टेडियम के परिसर में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग एवं प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित नमो युवा रन को रवाना किया था। इसके बाद सांसद नवीन जिंदल, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, प्रधान सचिव राजीव रंजन, अतिरिक्त निदेशक वंदना सिसोदिया, भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, युवा मोर्चा के प्रभारी योगेश बैरागी, भाजपा के युवा नेता राहुल राणा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के सलाहकार जेएसनैन, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग अतिरिक्त निदेशक राजकुमार, संयुक्त निदेशक प्रदीप दहिया, सहायक निदेशक मनोज सैनी, सहायक निदेशक निशान्त शर्मा, प्रधानाचार्य जगमोहन, प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा, प्रधानाचार्य सतीश कुमार, प्रधानाचार्य दिनेश सिंह आदि उपस्थित थे।

### युवाओं ने स्थापित किया नया कीर्तिमान: जिंदल

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि देश के 75 जिलों में कुरुक्षेत्र शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। यहां पर युवाओं ने नमो युवा रन के लिए रजिस्ट्रेशन बड़ी संख्या में करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और जागरूकता को लेकर काफी गंभीर है। प्रदेश के युवाओं में फिटनेस लाने के लिए ही इस नमो युवा रन का आयोजन किया गया है।

### ये रहा परिणाम

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नमो युवा रन में कुरुक्षेत्र के रवि कुमार ने पहला, करनाल के मोहित ने दूसरा और कुरुक्षेत्र के बलजिंद्र ने तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में रवि कुमार, मोहित, बलजिंद्र सिंह, जतिन, गुरजंट, परगट, अनिकेत, राहुल, रोहित, पवन, सुनील, यश, शिवम, साहिल, गौरव, मोहित, बलबीर, कपिल, सावन, शिवम, अंशू, मनदीप, मनीश, निखिल, दिवांशू, माखन, कालू, अश्विन, लविश, सुरमेर, हरि शर्मा, श्रीशांत, अजय, अभिषेक अव्वल रहे। उन्होंने कहा कि महिला वर्ग में अंजली देवी, अनू देवी, सलोनी, काजल, तनवी, आसूर्या, माफी, अर्पिता, पल्लवी, तानिया, जविश, वंशिका, देविका, रितिका, मानसी, पलक, वंशिका मलान, अंजली, प्रियंका, आदीति, नव्या, अनन्या, आंचल, कफी, राधिका, श्रेया, मन्नत, खुशी, रिया, पिहू, अस्मित, रिजा, कुमकुम, राधिका, तन्नू, तनवी भट्ट्टी अव्वल रही।

## सुमन सैनी ने मसाना गांव में आयोजित राज्य स्तरीय सांझी उत्सव को किया संबोधित

# सांझी उत्सव हमारी लोक संस्कृति के विकास को दर्शा रहा : सैनी



कुरुक्षेत्र। विरासत हेरिटेज विलेज में सांस्कृतिक प्रदर्शनी का अवलोकन करती हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि सांझी का यह उत्सव केवल एक आयोजन ही नहीं है, बल्कि हमारी लोक संस्कृति के संरक्षण और विकास को दर्शा रहा है। ऐसे आयोजन करने वाले संगठन विरासत हैरिटेज समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। वे हमारी संस्कृति को सिर्फ किताबों या संग्रहालयों तक सीमित नहीं रहने देते, बल्कि उसे जन-जन तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि विरासत हेरिटेज विलेज द्वारा आयोजित सांस्कृतिक प्रदर्शनी में भी पारंपरिक कृषि उपकरण, बैलगाड़िया, लकड़ी के हल जैसी दुर्लभ वस्तुएं हरियाणा की समृद्ध विरासत को दशार्ती हैं। हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी रविवार को मसाना गांव में आयोजित राज्य स्तरीय सांझी उत्सव- 2025 में बोल रही थी।

### दी शुभकामनाएं

उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने 22 सितंबर से शुरू हो रहे नवरात्रि पर्व की सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी। इस पूर्व उन्होंने सांझी की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह उत्सव हमारी गौरवशाली परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। यहां हमारे गांव-देहात की लोक संस्कृति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश छिकारा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पॉल, प्रोफेसर महासिंह पूनिया, निदेशक अभिनव पूनिया, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### श्रद्धालुओं ने किया ब्रह्मसरोवर में स्नान

**कुरुक्षेत्र।** पितृ पक्ष की अमावस्या पर ब्रह्मसरोवर व सन्निहित सरोवर में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणों के सान्निध्य में पूजा करके अपने पितरों के निमित्त पिंडदान किया। श्रद्धालुओं के लिए दिनभर भंडारे लगाए गए। ब्रह्मसरोवर पर अस्थायी दुकानें भी लगी, जिसमें महिलाओं व बच्चों ने खरीददारी की। श्राद्ध पक्ष में ब्रह्मसरोवर व सन्निहित सरोवर में पिडदान करने का महत्व है। अमावस्या के उपलक्ष्य में धर्मनगरी पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का एक दिन पहले ही तांता लगना शुरू हो गया।

### ब्रह्मसरोवर में मिला अज्ञात युवक का शव

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर पर कृष्णा घाट के समीप एक अज्ञात युवक का शव पानी में तैरता हुआ मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एलएनजेपी अस्पताल की मोरचरी में रखवा दिया है। मृतक की बाजू पर अंग्रेजी में जान लिखा हुआ है। पर्यटक पुलिस चौकी ब्रह्मसरोवर पर तैनात एसपीओ ने बताया कि वह ब्रह्मसरोवर परिसर में गश्त कर रहा है। उसे कृष्णा घाट दुकान नंबर 102-103 के सामने ब्रह्मसरोवर के अंदर पानी में एक युवक का शव तैरता दिखाई दिया।

**सांसद ने जू का दौरा कर जानवरों को करीब से देखा**

## पिपली मिनी जू को बनाया जाएगा आधुनिक पर्यटन स्थल : जिन्दल

**मिनी जू में विकास और सुधार को लेकर किया मंथन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल आज पिपली स्थित मिनी जू पहुंचे और वहां का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने जू में रखे गए विभिन्न प्रजातियों के जानवरों को करीब से देखा और उनकी देखभाल, खानपान एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रबंधों की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद नवीन जिन्दल ने मिनी जू के अधिकारियों और कर्मचारियों से अलग-अलग पहलुओं पर गहन चर्चा की और भविष्य में सुधार के लिए कई सुझाव भी दिए। सांसद ने कहा कि यह मिनी जू मनोरंजन के पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देने का भी माध्यम है।

### बुनियादी ढांचे की स्थिति पर भी की चर्चा

*अधिकारियों से जानवरों के भोजन की गुणवत्ता, व्यवहार, पर्यटकों को जानवरों की विजिबिलिटी, स्वास्थ्य जांच, इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं और प्रजनन संबंधी प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सांसद नवीन जिन्दल ने जू के बुनियादी ढांचे की स्थिति पर भी चर्चा की। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि जू की खाली जमीन का सदुपयोग कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि पिपली मिनी जू को हरियाणा ही नहीं, पूरे उत्तर भारत का एक आकर्षक और आधुनिक पर्यटन स्थल बनाने के प्रयास किए जाएंगे।*

### दिव्यांग बच्चे के साथ कुकर्म, आरोपी नामजद

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद में मानसिक व शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चे के साथ कुकर्म किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को स्कूल के बाद बच्चा घर आया तो उसकी हालत ठीक नहीं थी। शाहाबाद के निकटवर्ती गांव के रहने वाले व्यक्ति के अनुसार उसके पास दो बेटे हैं, जिसमें उसका 14 साल का बेटा मानसिक व शारीरिक रूप से असक्षम है। इसलिए कभी-कभार ही स्कूल जाता है। वह शनिवार को अपने काम से घर लौटा तो उसकी पत्नी ने बताया कि बेटे को खून के दस्त लगे हुए हैं। उसने बेटे से खून आने का कारण पूछा तो उसने बताया कि दोपहर के समय करीब 2 बजे एक युवक ने धर्मशाला में उसके साथ गलत काम किया। आरोपी उसके गांव का ही रहने वाला है। इस वजह से उसके बेटे की हालत ठीक नहीं है।

**मांगें पूरी नहीं होने से नाराजगी, 6 को देंगे सांकेतिक धरना**

## हरियाणा रोडवेज जागृति मंच के सदस्यों ने जताया रोष

**जरूरी मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजिस्टर्ड कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का संचालन डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया और मीटिंग की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश सैनी ने की। मीटिंग के दौरान राज्य महासचिव राजबीर सैनी भी मौजूद रहे। मीटिंग में चालक परिचालक तथा डिपो स्तर के सभी आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में राज्य महासचिव राजबीर सैनी ने बयान जारी करते हुए कहा कि जागृति मंच कुरूक्षेत्र डिपो कमेटी द्वारा 21 जुलाई को 22 सूत्रीय मांग पत्र पर दिया था।

### प्रशासन ने नहीं की कार्रवाई

*19 अगस्त तथा 10 सितंबर को 2 बार डिपो कार्यालय को स्मरण पत्र भी दिए गए थे लेकिन डिपो प्रशासन द्वारा फिर भी कोई भी कार्यवाही नहीं की गई जिससे हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजिस्टर्ड 2089 के पदाधिकारी तथा कर्मचारियों के मन में भारी रोष है। इसलिए बैठक में हरियाणा रोडवेज जागृति मंच के पदाधिकारियों के आपसी विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है कि 6 अक्तूबर को जागृति मंच के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे 2 घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेंगे।*



### पोषक माह के तहत कार्यशाला का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा आज शलिनियों के लिए एक पोषक माह के संदर्भ में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में तीन महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विशेषज्ञों ने शलिनियों को उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यशाला में कुल 43 शालिनियों ने भाग लिया। पहला सत्र में कोर कमेटी सदस्य श्री दीपक चिब ने शालिनियों को संबोधित किया। उन्होंने शलिनियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगामी परीक्षाओं का सामना करने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र में डॉ. रेनू शाह ने पोषण सप्ताह के संदर्भ में शालिनियों को संबोधित किया। उन्होंने शालिनियों को स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी दी तथा स्वच्छता, संतुलित आहार और सही जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। तीसरा सत्र डॉ. सुषमा शर्मा द्वारा लिया गया। उन्होंने शलिनियों को अपने लक्ष्यों के प्रति केंद्रित एवं प्रेरित रहने की सलाह दी और समझाया कि मानसिक स्वास्थ्य सफलता की कुंजी है।

**पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने किया शुभारंभ**

## 91.98 लाख की लागत से होगा दो सड़कों होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने थानेसर विधानसभा क्षेत्र में दो सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पहली सड़क कुरुक्षेत्र रोड से सलारपुर रोड तक बनाई जाएगी, जिसकी लंबाई 1.45 किमी है और इस पर लगभग 66.63 लाख रुपये की लागत आएगी। यह कार्य आगामी 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा। दूसरी सड़क थानेसर-पिहोवा रोड से मिर्ज़ापुर तक सुदृढ़ की जाएगी, जिसकी लंबाई 0.68 किमी है और इस पर लगभग 25.35 लाख रुपये की लागत आएगी। यह कार्य भी 6 माह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि 21 सितंबर से पूरे हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर नई सड़कों के निर्माण एवं पुरानी सड़कों के सुदृढ़ीकरण के कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि पूरे हरियाणा की सड़कें गड्ढामुक्त हों और आवागमन सुगम बनाया जाए।



### सुविधाओं के साथ विकास कार्यों को मिलेगी गति

*इस प्रकार क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क सुविधाओं का लाभ मिलेगा और विकास कार्यों की गति और तेज होगी। इस मौके पर सलारपुर में वार्ड-24 के एमसी प्रतिनिधि सचिन यादव, नरेश कुमार, सोनू सैनी, धर्मवीर सिंह, सुशील जिंदल, पवन भटनागर, जयपाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं मिर्ज़ापुर में नरेश कुमार, सुनील कुमार, मान सिंह, महिंद्र सिंह, धर्मपाल लंबरदार, कर्मवीर पंचाल, रघुबीर तथा अन्य ग्रामीण एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।*



कुरुक्षेत्र। सूरजभान कटारिया को सम्मानित करते आयोजक मंडल।

### भगवान श्रीराम चंद्र के जीवन दर्शन से कल्याण हुआ और होता रहेगा : कटारिया

**कुरुक्षेत्र।** नगर के हरे राम हरे कृष्ण मंदिर के सामने मेन बाजार में आयोजित ॐ श्री राम रामलीला ड्रामाटिक क्लब में भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य भाजपा नेता सूरजभान कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप मे श्री राम जी की पूजा आरती कर किया शुभारंभ किया। कटारिया ने कहा कि हमें अपने परिवारों में सामाजिक एकता एवं अखंडता के लिए रामलीला मंचन में भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी से मोबाइल फोन की लत को छोड़ कर अपनी प्राचीन संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि के रूप से सूरज भान कटारिया ने कहा कि रामलीला में मुख्य पात्र मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चंद्र के जीवन दर्शन से हम सभी का कल्याण हुआ हैं और आजीवन होता ही रहेगा।



पिहोवा। सरस्वती तीर्थ पर पितरों के निमित पिंडदान करवाते श्रद्धालु।

### पितृ शांति के लिए उमड़ी आस्था

**पिहोवा।** आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा से अमावस्या तक 16 दिन चलने वाले श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन अमावस्या के मौके पर देशभर के विभिन्न प्रांतो से आए श्रद्धालुओं ने सरस्वती सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई तथा अपने पितरों के निमित उनकी आत्मिक शांति के लिए पिंडदान, कर्मकांड व तर्पण किया। कर्मकांड करवाने के पश्चात श्रद्धालुओं ने प्रेत पीपल पर जल चढ़ाकर कच्चा सूत बांधा। मान्यता है कि प्रेत पीपल पर कच्चा सूत बांधने से बुरी आत्माएं मनुष्य को परेशान नहीं करती। श्रद्धालुओं द्वारा अपने पितरों के निमित स्वामी कार्तिकेय मंदिर में तेल अर्पण कर सुखमय जीवन की कामना की गई। तीर्थ पुरोहित पं. राहुल कौशिक ने बताया कि इस तीर्थ स्थान पर किए गए पाप व पुण्य 13 गुणा फलते हैं। श्रद्धालुओं ने तीर्थ पर स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करने उपरांत भिक्षुकों को दान दिया। सरस्वती तीर्थ पर यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे।तीर्थ पुरोहित पं. कृष्ण अवतार अमेरिका वालों ने बताया कि जैसे गया, पृथुदक (पिहोवा) तीर्थ व फल्गु आदि तीर्थ पर श्राद्ध करने से जहां पितरों की वर्षों तक तृप्ति होती है वहीं इसका पुण्य भी कई गुना इसे करने वाले को प्राप्त होता है।

**धर्म-कर्म** | आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ

**पहले दिन घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 : 09 से लेकर 8 : 06 मिनट तक रहेगा**

# नवरात्रि में बन रहा महालक्ष्मी राजयोग, दुर्गा की भक्ति के साथ मिलेगा धन सम्पति का लाभ : डा. रामराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ होता है। यह त्योहार हिंदू धर्म में बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है और हर साल पूरे देश में हर्षोल्लास और बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। खासकर उत्तर भारत और पूर्वी भारत के कई राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और बंगाल में यह पर्व बड़े उत्साह और भक्ति भाव से मनाया जाता है। नौ दिनों तक भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना करते हैं। इस दौरान भक्तजन पूरे विधि-विधान से व्रत रखते हैं और मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करते हैं। इस साल शारदीय नवरात्र की शुरूआत 22 सितंबर, सोमवार से होने जा रही है। नवरात्र की अष्टमी 30 सितंबर को और महानवमी 1 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

### शारदीय नवरात्र घटस्थापना का मुहूर्त



ज्योतिषाचार्य रामराज कौशिक के मुताबिक, शारदीय नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 09 मिनट से लेकर सुबह 8 बजकर 06 मिनट तक रहेगा. ऐसे में कलश स्थापना के लिए कुल अवधि 1 घंटे 56 मिनट की होगी। वहीं, अगर किसी वजह से आप सुबह के मुहूर्त में कलश स्थापना न कर पाएं तो आप अभिजीत मुहूर्त में भी कलश की स्थापना कर सकते हैं. जिसका मुहूर्त सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

### हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

इस बार मां दुर्गा हाथी पर विराजमान होंगी। हाथी धन, समृद्धि और ज्ञान का प्रतीक होता है। हाथी बृहस्पति देव का वाहन है, जो ज्ञान और समृद्धि देता है। शारदीय नवरात्र को सबसे बड़ी नवरात्र में से एक माना जाता है, जिसकी शुरूआत पहले दिन की कलशस्थापना से होती है और जो कि शुभ मुहूर्त में स्थापित किया जाता है। नवरात्रि में इस बार सिर्फ पूजा-पाठ का मौका नहीं, बल्कि आपकी किस्मत बदलने का सुनहरा अवसर भी लेकर आ रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब भी कोई बड़ा त्यौहार किसी खास ग्रह-नक्षत्र के संयोग में आता है, तो उसका प्रभाव और भी ज्यादा गहरा और शुभ हो जाता है। इस बार मां दुर्गा की भक्ति के साथ-साथ एक बेहद दुर्लभ और शक्तिशाली योग बन रहा है, जिसका नाम है महालक्ष्मी राजयोग।

### शारदीय नवरात्रि की तिथियां

| | |
|---|---|
| 22 सितंबर | प्रतिपदा तिथि, मां शैलपुत्री पूजा |
| 23 सितंबर | द्वितीया तिथि, मां ब्रह्मचारिणी पूजा |
| 24 सितंबर | तृतीया तिथि, मां चंद्रघंटा |
| 25 सितंबर | तृतीया तिथि |
| 26 सितंबर | चतुर्थी तिथि, मां कूष्मांडा पूजा |
| 27 सितंबर | पंचमी तिथि, मां स्कंदमाता पूजा |
| 28 सितंबर | षष्ठी तिथि, मां कात्यायनी पूजा |
| 29 सितंबर | सप्तमी तिथि, मां कालरात्रि पूजा |
| 30 सितंबर | महाअष्टमी तिथि, मां महागौरी |
| 1 अक्टूबर | महानवमी तिथि, मां सिद्धिदात्री |
| 2 अक्टूबर | नवरात्रि व्रत पारण, दुर्गा विसर्जन, दशहरा |

## पूर्व राज्यमंत्री बोले, नायब नेतृत्व में चहुमुखी विकास के पथ पर अग्रसर अंबाला के लिए सीएम की कलम में विशेष स्याही

# गांवों की बदलेगी तस्वीर, विकास योजनाओं के लिए मिली 9.29 करोड़ की नायब सौगात

### कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहरों के साथ राज्य सरकार ग्रामीण एरिया की तस्वीर बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। रोज ग्रामीण एरिया में करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की शुरूआत हो रही है। इसी कड़ी में रविवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों को लगभग 9.29 करोड़ रुपये की विकास सौगात मिली। बलाना गांव में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री असीम गोयल ने करोड़ों की लागत से होने वाले अनेक विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास विभिन्न गांवों के सरपंचों, भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के हाथों करवाया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री असीम गोयल का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

#### अंबाला का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता

असीम गोयल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में अंबाला का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता पर है। चाहे बुनियादी ढांचा हो, सड़कें, जल निकासी, शिक्षा या स्वास्थ्य हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। गोयल ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में अंबाला शहर और गांव दोनों आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। उन्होंने कहा कि नायब सरकार में अंबाला दिन-रात प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा और जनता को पारदर्शी एवं जनहितैषी शासन का लाभ निरंतर मिलता रहेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, गुरजंट सिंह, महामंत्री संजीव गोयल, अमरजीत सारंगपुर, मोहन सिंह, निगम सदस्य हितेश जैन,परमजीत सिंह,गुरजीत सिंह प्रेमी,गुरजंट सिंह व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।


अंबाला। विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### इन गांवों को मिली सौगात

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने आज विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए। जिनमें अंबाला शहर विधानसभा के बलाना,रुपो माजरा, सारंगपुर, भड़ी , मस्तपुरतर, कुरबानपुर, भुडंगपुर, नन्योला, खन्ना माजरा, जनसुई, बालापुर, जोधपुर, कंगवाल, जैतपुरा, महमूदपुर गांव शामिल हैं। इन विकास कार्यों के लिए ग्रामीणों ने नायब सरकार व असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। बलाना गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए असीम गोयल ने बताया कि यह अंबाला की खुशकिस्मती है कि यहां का बेटा प्रदेश का मुख्य सेवक है। उन्होंने कहा कि अंबाला के लिए जो भी मांग सीएम के समक्ष रखी गई उन्होंने उसे एक ही झटके में मंजूर किया। गोयल ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हमारा एक एक कार्यकर्ता विकास के कार्यों की तरफ ध्यान दे। समस्त ग्रामीण और शहरी इलाके के विकास के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अम्बाला शहर और ग्रामीण क्षेत्र को बाढ़ से बचाने की विशेष योजनाएं भी बनाई जा रही हैं। जिनके लिए भी मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमरीक सिंह उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। शिव कॉलोनी के सतीश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 जुलाई 2025 को उसके गोदाम से कूलर की मोटरें, इन्वर्टर पंखें, स्टेपलाइजर इत्यादि चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### पुलिस ने आरोपी से एक्टिवा बरामद किया

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरविंद्र सिंह उर्फ भाई को गिरफ्तार किया है। जोगी मंडी के निर्मल कुमार ने 23 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पंजाबी मोहल्ला के पास से आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी कर ली है।

### 36 बोतल अवैध शराब समेत दो को पकड़ा

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र के हर्बल पार्क से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी मलकीत सिहं व रमेश कुमार को 36 बोतल अवैध मस्ती माल्टा शराब सहित काबू किया है। आरोपी गैरकानूनी तरीके से शराब की तस्करी का कारोबार कर रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ यह कार्रवाई की है। उनके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।

## अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से रन फॉर यूनिटी का आयोजन

# चार किलोमीटर मैराथन में एकता के लिए लोगों ने दिखाया दम

मैराथन का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों के अनुसार समाज में एकता और भाईचारे साथ आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देना था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल वैश्य समाज अंबाला शहर की ओर से 'रण फॉर यूनिटी' हॉफ मैराथन का शानदार आयोजन किया गया। इस मैराथन का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों के अनुसार समाज में एकता और भाईचारे साथ आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देना था। मैराथन को अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, डीएसपी विजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल तथा अग्रवाल वैश्य समाज के कार्यकारी अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब महाराजा अग्रसेन जी के जन्मोत्सव को केवल उत्सव के रूप में ही नहीं बल्कि एक संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं। अग्रसेन जी ने 'सामाजिक अब भी हम सबके लिए मार्गदर्शक हैं। यह 'रण फॉर यूनिटी' मैराथन केवल दौड़ नहीं है बल्कि एकता, भाईचारे और स्वास्थ्य की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है। मुझे गर्व है कि समाज के हर वर्ग ने इस पहल में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। उन्होंने आगे कहा कि वैश्य समाज केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी करता है। डीएसपी विजय कुमार ने कहा कि यह मैराथन उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। चार किलोमीटर की यह दौड़ हमें यह याद दिलाती है कि छोटी-सी पहल भी समाज को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाज के ऐसे आयोजन को हर स्तर पर समर्थन मिलेगा।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर खेल और स्वास्थ्य गतिविधियों में हिस्सा लें। सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने मैराथन को स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इस दौर में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियां हमारी निष्क्रिय दिनचर्या का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि यह मैराथन एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत अभियान का हिस्सा बनना चाहिए।


अंबाला। रन फॉर यूनिटी से पहले योगासन करते मैराथन में हिस्सा लेने वाले लोग। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, शहरी अध्यक्ष आयुष गुप्ता, संजीव बिंदल, महेश गोयल, राकेश गुप्ता, अनीता सिंगला, ऋचा गुप्ता, अरविंद कंसल, मुकेश गुप्ता, विनोम किरण, मुकेश जिंदल, सचिन गुप्ता सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

#### एकजुट होकर अपने कर्तव्यों का करे निर्वहन

समाज के कार्यकारी अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों में सामाजिक सहयोग सबसे बड़ा मूल्य था। हम चाहते हैं कि समाज का हर वर्ग, हर पीढ़ी और हर आयु वर्ग एकजुट होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। इस मैराथन का उद्देश्य भी यही था कि सभी मिलकर समाज में समरसता और एकजुटता का संदेश दें।

#### महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

चार किलोमीटर लंबी इस हॉफ मैराथन में समाज के सभी आयु वर्गों की महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## एसबीआई के रिटायर्ड एजीएम से ठगी

# डिजिटल अरेस्ट कर खाते से 14.50 लाख रुपये निकाले

बैंक से रुपये निकलवाने गए तो ठगी का हुआ खुलासा, साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

एसबीआई के रिटार एजीएम प्रदीप गुप्ता को साइबर ठगों ने दो दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर 14.50 लाख रुपये ठग लिए हैं। पीड़ित ने अब थाने में शिकायत दी है। अंबाला शहर के अर्बन एस्टेट के रहने वाले बुजुर्ग प्रदीप को वीडियो कॉल कर उनके आधार कार्ड और खातों की आतंकवादी संगठनों से संलिप्तता होने की बात कही।

कहा कि खातों में काफी लेनदेन हो रखा है, फिर फर्जी आईजी व एनआईए का चीफ बनकर उन्हें डराया और उक्त राशि अपने खातों में डलवा ली। जब आरोपियों ने दोबारा रुपये मांगे तो वह 16 लाख रुपये निकलवाने के लिए बैंक गए। वहां के प्रबंधक को आपबीती बताई तब धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। साइबर थाना पुलिस ने बीएनएस में गलत तरीके से कैद करने की धारा 127(2), जबरन वसूली 308(2), धोखाधड़ी 318(4), जालसाजी 336(3) आदि धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पीड़ित प्रदीप गुप्ता ने बताया कि पत्नी रश्मी के मोबाइल पर आरोपियों ने गिरफ्तारी, आरबीआई लीगल मनी वेरिफिकेशन के फेक नोटिस भेजे। दोनों को ही डिजिटल अरेस्ट करके बोले कि जब तक उनकी जांच चल रही है तो वह घर से बाहर नहीं जा सकते, साथ ही फोन भी नहीं कर सकते।

#### आरोपियों को सारी जानकारी दे दी

आपकी बात एनआईए के चीफ से करवाते हैं। अगर आप सीनियर सिटीजन है तो नाम हटवाने के लिए पूरे परिवार के खातों का नंबर देना होगा। डरने पर आरोपियों को सारी जानकारी दे दी। खाते में पड़े 14 लाख रुपये की जानकारी दी तो आरोपी बोले कि वह सभी खातों की जांच करेंगे। इस तरह आरोपियों द्वारा जांच के लिए रुपये मांगने पर उनके द्वारा दिए गए खातों में 14.50 लाख रुपये की राशि डलवा दी। प्रदीप गुप्ता ने बताया कि साइबर ठगों ने फिर पत्नी व बेटी के खाते में डले हुए 15 लाख रुपये भी देने के लिए कहा। बोले कि 17 सितंबर को बैंक में जाकर वह हमारे खाते में डाल दो तो हम पहले मंगवाए गए 14.50 लाख रुपये आपको लौटा देंगे। इसके साथ ही आतंकवादियों से कोई संलिप्तता न होने का प्रमाणपत्र दे देंगे। वह 17 सितंबर को सिटी के कचहरी रोड स्थित एसबीआई की शाखा में गए तो बैंक के मुख्य प्रबंधक राहुल कपूर के केबिन में बातचीत शुरू हुई। बैंक प्रबंधक ने पहले खाते से निकाले 14.50 लाख रुपये के बारे में पूछा तो उन्हें पूरी आपबीती बताई।


अंबाला। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते मंत्री अनिल विज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## 75 युवाओं ने किया रक्तदान, विज बोले, रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं

**अंबाला।** श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत पूरे देश में सेवा के नए आयाम स्थापित किए जा रहें है। रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। विज रविवार को सेवा पखवाड़ा के तहत अंबाला छावनी की चंद्रपुरी स्थित गढ़वाल धर्मशाला में भाजपा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित भी किया। मंत्री अनिल विज ने कहा कि रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर सारे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आयोजित शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। इसके साथ-साथ सेवा पखवाड़ा के तहत पौधारोपण के कार्य भी किए जाएंगें। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, पीएमओ डॉ. पूजा के अलावा नगर परिषद् अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर, भाजपा नेता संजीव सोनी, विपिन खन्ना, परवेश शर्मा, बलित नागपाल, तरविंद्र सोनू, गौरव सैनी, संजीव अत्री, सन्नी तुली, सुनीता पाटिल, अरविंद राणा, मोहित शर्मा, आशीष अग्रवाल, सोनिया देसवाल बलविंद्र सिंह शाहपुर, प्रवीण जैन, सुरेश सरपंच, रवि वर्मा, अशोक, डॉ गिरधारी, ज्ञान ठाकुर, बलजिंद्र, संदीप लखाली, महेंद्र बडौला, दीपक भसीन, रवि राणा, नीलम शर्मा, जंगबहादुर पाल, सुभाष शर्मा के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

■ गढ़वाल धर्मशाला में भाजपा की ओर से शिविर का आयोजन

## *विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन*

***बराड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा 2 अक्तूबर 2025 तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत बीते दिवस राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान होली में नशा मुक्ति विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा व उप-प्रधानाचार्य सुल्तान सिंह के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस विचार गोष्ठी के संचालन में धर्मपाल, हरि चंद अनुदेशक एवं अमित कुमार का विशेष सहयोग रहा।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# बर्फखाने की विवादित जमीन के मामले में जांच कमेटी ने राज्य सरकार को भेजी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित बर्फखाना की की जमीन के मामले में राज्य सरकार की ओर से गठित पांच सदस्यीय जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज दी है। इसमें लीज रद्द करने और पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की सिफारिश की गई है। अब राज्य सरकार इस रिपोर्ट पर अंतिम फैसला लेगी। यह मामला बर्फखाना की जमीन से जुड़ा है, जो दो टुकड़ों में है। जमीन का एक टुकड़ा 2.44 एकड़ ओल्ड ग्रांट का है जबकि दूसरा 2.60 एकड़ लीज का है। इस जमीन के सात नक्शे पहले ही पास किए जा चुके हैं। जनरल लैंड रिकॉर्ड (जीएलआर) के अनुसार, इस जमीन का मालिकाना हक भारत सरकार का दर्ज है। जीएलआर के रिकॉर्ड के अनुसार, सर्वे नंबर 176 में 2.60 एकड़ जमीन है, जिसे बंगला नंबर 127 बी क्लास बी-3 के रूप में दर्शाया गया है।

■ अब राज्य सरकार लेगी अंतिम फैसला, कमेटी ने लीज रद करने की सफारिश की

#### इंडेफिनेट लीज पर जमीन

*इसमें लैंडलॉर्ड गवर्नमेंट ऑफ इंडिया और होल्डर ऑफ ऑक्यूपेंसी कुलभूषण प्रकाश, कुलदीप प्रकाश और राजेश्वर प्रसाद के नाम है। यह जमीन इंडेफिनेट लीज पर है। 5 फरवरी 1977 को इस जमीन को नगर परिषद अंबाला सदर को सौंप दिया गया था, लेकिन नियम व शर्तें वही रहीं। सर्वे नंबर 172 में 2.44 एकड़ जमीन है, जिसे 127 ए आइस फैक्ट्री व कंपाउंड के नाम से दर्ज किया गया है। इसमें भी लैंडलॉर्ड गवर्नमेंट ऑफ इंडिया है, जबकि होल्डर ऑफ ऑक्यूपेंसी वही हैं। इस जमीन को ओल्ड ग्रांट के नाम से जीएलआर में दर्ज किया गया है। जांच रिपोर्ट में 18 अक्टूबर 1916 से लेकर अब तक का इतिहास बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जमीन के टुकड़े की लीज 30 सितंबर 2015 को खत्म हो चुकी है। इस लीज की जमीन को वापस लेने और इस जगह को प्रोजेक्ट के लिए अहम बताते हुए राज्य सरकार से सिफारिश की गई है। इस रिपोर्ट में जमीन के खसरा नंबर और अंगला नंबरों का जिक्र किया गया है, जिनके मामले में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देनी है।*

# सीता स्वयंवर में गूंजे जय श्रीराम के नारे

श्री रामा ड्रामाटिक क्लब द्वारा रामलीला का हुआ भव्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

माता बाला सुंदरी मंदिर मैदान में श्री रामा ड्रामाटिक क्लब द्वारा रामलीला का भव्य मंचन किया जा रहा है । श्रीरामा ड्रामाटिक क्लब मुलाना के भव्य मंच पर पौराणिक प्रसंग सीता स्वयंवर का दिव्य आयोजन हुआ। इस मौके पर आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में दर्शक पहुंचे और 'जय श्रीराम' तथा 'जय सीता माता' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सीता स्वयंवर का पवित्र प्रसंग जैसे ही मंच पर जीवंत हुआ और प्रभु श्रीराम ने महादेव के धनुष को सहजता से भंग किया, उपस्थित जनसमूह आनंद और भक्ति से सराबोर हो उठा। माता सीता द्वारा श्रीराम के गले में वरमाला डालने का दृश्य देखते ही पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। यह क्षण हर भक्त के लिए दिव्य और अविस्मरणीय बन गया।


मुलाना। सीता स्वयंवर के मंचन के दौरान कलाकार। फोटो : हरिभूमि

***मंच पर पहुंचा किन्नर समाज, महंत ने लिया आरती में भाग:*** आयोजन के दौरान मंच पर उपस्थित महंत हिना ने प्रभु श्रीराम की आरती में भाग लिया। महंत हिना ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कथा केवल सुनने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में अपनाने का मार्ग है। श्रीराम संपूर्ण मानवजाति के लिए आदर्श हैं। उन्होंने हमें यह शिक्षा दी कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाया जा सकता है।

***सीता स्वयंवर ने भावविभोर हुए दर्शक:*** राम, लक्ष्मण, सीता और रावण की भूमिकाएँ निभाने वाले कलाकारों ने ऐसा दिव्य और भावनात्मक अभिनय किया कि मानो स्वयं त्रेतायुग का दृश्य भक्तों के सम्मुख उपस्थित हो गया हो। कई श्रद्धालुओं की आँखें भक्ति भाव से नम हो उठीं। क्लब के पदाधिकारियों ने इस दौरान कहा कि रामलीला मनोरंजन नहीं है, यह हमारी सनातन संस्कृति, मर्यादा और धर्म का जीवंत प्रतीक है। प्रभु श्रीराम का जीवन हमें आदर्श, मर्यादा और धर्मपालन की शिक्षा देता है।

**जानकारी** डीसी ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश, किए गए बंदोबस्त की जानकारी भी ली

# 22 से शुरू होगी धान की खरीद, सभी मंडियों में किसानों व आढ़तियों के लिए बुनियादी व्यवस्थाएं करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सभी मंडियों में धान खरीद के कार्य के तहत सभी आवश्यक प्रबंध होने सुनिश्चित होने चाहिए। किसानों व आढ़तियों को धान खरीद कार्य के तहत किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। उपायुक्त धान खरीद कार्य के तहत एनआईसी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उपायुक्त ने डीएफएससी, डीएम हैफेड व संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधियों से धान खरीद को लेकर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डीएफएससी अपार तिवारी ने बताया कि जिले में पिछले वर्ष 6 लाख 6 हजार एमटी धान की खरीद की गई थी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी इतनी ही आवक आने की संभावना है। इसके साथ-साथ धान खरीद कार्य के तहत लगभग 200 मिनरल्स ने अपना पंजीकरण करवाया था।


अंबाला। मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह, डीएमईयू राजीव, कार्यकारी अभियंता विपणन बोर्ड नवीन श्योरण, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मक्खन लाल, राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रधान राजेश बंसल, आढ़ती गौरव गुप्ता के साथ-साथ सचिव दलेल सिंह, कविता नरवाल भी मौजूद रहे।*

#### 17 प्रतिशत से कम नमी मात्रा वाली ही धान मंडी में लेकर पहुंचे

डीएफएससी अपार तिवारी ने बताया कि धान खरीद कार्य के तहत शैड्यूल के अनुसार ही किसान अपनी फसल को मंडी में लेकर पहुंचे। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह किया कि 17 प्रतिशत से कम नमी मात्रा वाली ही धान मंडी में लेकर पहुंचे ताकि उनकी फसल खरीदने में कोई परेशानी न आए।

#### सड़कों के पेच वर्क करवाने के निर्देश

उपायुक्त ने धान खरीद कार्य के तहत सभी मंडियों में पेयजल, शौचालय, गेट पास, मेन गेट पर डीवीआर लगवाने, बिजली, इलेक्ट्रिकल झरने, अटल किसान मजूदर कैंटीन की व्यवस्था के साथ सड़कों के पेच वर्क करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि धान खरीद का कार्य सुचारू रूप से होना चाहिए वहीं किसानों को उनकी फसलों की अदायगी भी समयबद्ध तरीके से होनी चाहिए। उन्होनें यह भी कहा कि मंडियों में धान प्रबधंन के तहत बोर्ड भी चस्पा करवाएं और किसानों की सुविधा के हेल्प डेस्क भी होने चाहिए। उन्होंने इस मौके पर आढती एसोसिएशन व राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी बातचीत की और उनसे भी धान खरीद कार्य से संबंधित कोई सुझाव या अन्य कोई समस्या है उस बारे भी जाना।